LALITPUR POLICE

प्रेस नोट

दिनांक- 17.11.2023

"यातायात माह नवम्बर 2023" के तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले 210 वाहन चालकों का चालान कर 214500/- ऑनलाइन किया गया जुर्माना

पुलिस अधीक्षक ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक महोदय के निर्देशन में "यातायात माह-नवम्बर 2023" के तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों/स्वामियों का एम0वी0एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुऐ 210 वाहनों का ई-चालान कर 214500/- रूपये का ऑनलाइन जुर्माना किया गया।

आज दिनांक 17-11-2023 को यातायात माह नवम्बर-2023 के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री कमलेश नारायण पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी यातायात श्री अभिनेन्द्र सिंह चौहान द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ हेल्मेट, सीट-बेल्ट के बारे में शहर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, स्थानों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर आम-जनमानस को यातायात स्लोगन से छपे पम्पलेट, स्टीकर वितरित कर जागरूक किया गया तथा शहर क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों/स्वामियों का एम0वी0एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुऐ जुर्माना किया गया।

जागरूकता अभियान के दौरान पिसनारी तिराहा पर सड़क दुर्घटना घटित होने पर सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को यातायात पुलिस द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया।